भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2929
सोमवार, 07 अगस्त, 2023/16 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए वीजा अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाना

†2929. डॉ. शशि थरूर:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार का वर्ष 2023 में स्वदेशी पर्यटन में 12 प्रतिशत की संभावित वृद्धि से निपटने के लिए क्या प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने भारत की पर्यटन क्षमता का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पर्यटन क्षेत्र में वीजा अनुमोदन जैसी प्रक्रियाओं को सरल बनाने हेतु कोई कदम उठाए हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए देश के विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और पर्यटन गंतव्यों के संवर्धन के लिए पर्यटन सृजक बाजारों में भारत का एक समग्र गंतव्य के रूप में संवर्धन करता है। इसके अतिरिक्त, पर्यटन अवसंरचना में वृद्धि, वीजा व्यवस्था की सुगमता, पर्यटन सेवा प्रदाताओं की सेवाओं में गुणवत्ता मानकों की सुनिश्चितता, देश को वर्षपर्यंत पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुति, सतत पर्यटन के संवर्धन आदि ने भारत में पर्यटन को बढ़ाने का काम किया है। इसके अलावा, पर्यटकों की आमद में वृद्धि करने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने "अतुल्य भारत! विजिट इंडिया ईयर 2023" घोषित किया है।

वर्ष 2022 में, भारत ने पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 305.4% की वृद्धि के साथ 6.19 मिलियन का विदेशी पर्यटक आगमन (एफटीए) दर्ज किया, जिससे 106.77% की वृद्धि के साथ 1,35,543 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा आय (एफईई) अर्जित हुई है।

(ग) और (घ): इनबाउंड पर्यटन को बढ़ाने के लिए सुविधाजनक वीजा व्यवस्था सबसे पहली आवश्यकता है। पर्यटन मंत्रालय ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ पहल की है। वर्तमान में, 5 उप-श्रेणियों यानी 'ई-पर्यटक वीजा', 'ई-बिजनेस वीजा', 'ई-मेडिकल वीजा', 'ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा' और 'ई-कॉन्फ्रेंस वीजा' के तहत 167 देशों के नागरिकों को ई-वीजा सुविधा प्रदान की जा रही है। इसमें जोड़ा गया नवीनतम देश मोरक्को है। ई-वीजा 29 नामित हवाई अड्डों और 5 नामित बंदरगाहों के माध्यम से प्रवेश के लिए मान्य है। वीजा शुल्क को तर्कसंगत बनाया गया है और इसमें उल्लेखनीय कटौती की गई है जिसमें ई-पर्यटक वीजा शुल्क 5 साल के लिए 80 डॉलर, 1 वर्ष के लिए 40 डॉलर और एक महीने का ई-पर्यटक वीजा शुल्क लीन पर्यटन अवधि के लिए 10 डॉलर और पीक सीज़न के लिए 25 डॉलर तक कम कर दिया गया है।

****